# मैं खाटू वाले से मांगू क्या | By Sanjay Madhur

मैं खाटू वाले से मांगू क्या जब बिन माँगे ही पाया है
मैं तेरा दर न छोडूंगा मुझे तेरा सहारा है

मैं जब भी आया दर तेरे मुझे एक तू ही भाया है
तेरी चौखट ही बाबा मैंने सब कुछ ही पाया है

मैंने देखा तेरा जलवा तू गिरतों को उठाता है
तू जिसपे मोर छड़ी धर दे वो भाव सागर तर जाता है

आसरा तेरा है बाबा भरोसा तेरा पाया है
मुझे अपनों ने ठुकराया तूने रिश्ता निभाया है

ना धन दौलत की है आशा ना कोई ही अभिलाषा है
संजय संग सन्नी भी बाबा तेरे दरबार आया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af/